दिनांक : 11/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के बीच ऑकलैंड में द्विपक्षीय वार्ता, पांच महत्वपूर्ण समझौतो पर हस्ताक्षर।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में करेंगे 'माय यूथ-माय प्राइड कॉन्क्लेव' का शुभारंभ
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात उज्जैन में सिंहस्थ निर्माण कार्यों का लिया जायजा
- भाजपा ने दतिया उपचुनाव में नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को बनाया प्रत्याशी

पीएम मोदी- न्यूज़ीलैंड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच ऑकलैंड में द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद दोनों देशों ने पांच महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते रक्षा, पशुपालन एवं डेयरी, पर्यटन, खेल और आपदा प्रबंधन से जुड़े हैं। श्री मोदी ने कहा कि 40 वर्ष बाद यह यात्रा दोनों देशों के लिए ऐतिहासिक पड़ाव है।

उन्होंने बताया कि भारत और न्यूज़ीलैंड ने सामरिक साझेदारी स्थापित करने का निर्णय लिया है। इससे पहले गवर्नमेंट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में 'माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव -2026' का शुभारंभ करेंगे। इस आयोजन में प्रदेशभर से करीब 5 हजार युवा हिस्सा लेंगे। कॉन्क्लेव में शिक्षा, खेल, कृषि और स्वास्थ्य सहित 10 प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा होगी। युवाओं द्वारा तैयार सुझावों से माय यूथ माय प्राइड कॉन्क्लेव -2026 दस्तावेज बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री इस अवसर पर चार नई राज्य स्तरीय युवा पुरस्कार श्रेणियों की भी घोषणा करेंगे।

जेल विभाग - मानसिक स्वास्थ्य

प्रदेश के जेल विभाग ने बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए भोपाल में सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। यह प्रशिक्षण गुजरात स्थित राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी के सहयोग से हो रहा है। महानिदेशक जेल डॉ. वरुण कपूर ने कहा कि बंदियों का स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण में प्रदेशभर की जेलों से 30 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। प्रशिक्षित स्टाफ बंदियों के मानसिक स्वास्थ्य की पहचान और परामर्श कर सकेंगे। विभाग आगे जेलों में साइको सोशल काउंसिलिंग सेंटर भी स्थापित करेगा।

आरटीआई- निशुल्क प्रवेश

प्रदेश में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत तीसरे चरण की लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। इसमें 7 हजार 630 बच्चों को पसंदीदा निजी स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश मिला। इस वर्ष अब तक एक लाख 25 हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश आवंटन मिल चुका है। अभिभावक आरटीई पोर्टल से आवंटन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बच्चे 20 जुलाई तक आवंटित स्कूलों में प्रवेश ले सकेंगे।

गोविंद सिंह राजपूत- भूमिपूजन

प्रदेश के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कल सागर जिले के कई गांवों में करीब 80 करोड़ रुपये के कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया गया। मंत्री राजपूत ने कहा कि जैसीनगर अब एक प्रमुख जंक्शन बन चुका है। 65 करोड़ रुपये की लागत से नया मार्ग जैसीनगर को तीनों दिशाओं से जोड़ चुका है। वहीं मसुरहाई रोड बनने से भोपाल जाने की दूरी 25 किलोमीटर तक कम हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री- जेपी नड्डा बैठक

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता में नई दिल्ली में हुई बैठक में प्रदेश की प्रगति साझा की। यह बैठक आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की तीसरी मिशन संचालन समूह बैठक थी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 5.86 करोड़ आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। लगभग 20 हजार स्वास्थ्य संस्थान और 18 हजार स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री से जुड़ चुके हैं। बैठक में एबीडीएम की प्रगति और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर भी चर्चा हुई।

उपराष्ट्रपति-बिहार दौरा

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज बिहार के गयाजी का दौरा करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान में बिहार विधानसभा सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे।

सीएम- उज्जैन दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल देर दोपहिया वाहन से और पैदल चलकर उज्जैन शहर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सिंहस्थ महापर्व के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने फ्रीगंज ब्रिज और कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन भी किया। इससे पहले कल उन्होंने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गेहलोत की उपस्थिति में नागदा में उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड फोरलेन मार्ग का भूमि पूजन किया।

लगभग 99 किलोमीटर लंबी यह परियोजना 5 हजार 17 करोड़ रुपये की लागत से बनेगी। डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन में फूड इंडस्ट्री पार्क बनने से किसानों को लाभ मिलेगा.

दतिया उपचुनाव उम्मीदवार

भाजपा ने दतिया विधानसभा उपचुनाव में पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा की जगह आशुतोष तिवारी को प्रत्याशी बनाया गया है। टिकट की घोषणा होने के बाद डॉ. नरोत्तम के समर्थकों ने ग्वालियर-झांसी हाईवे पर लंबा जाम लगाया। नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को नामांकन फॉर्म भी खरीदा था, लेकिन पार्टी ने अंतिम समय में उनका टिकट काट दिया।

आईटीआई- महिलाओं को आरक्षण

प्रदेश सरकार ने सत्र 2026 से सभी शासकीय आईटीआई में महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण शुल्क में 25 प्रतिशत की छूट देने का फैसला लिया है। इससे महिलाओं को प्रथम वर्ष के शुल्क में 1335 रुपए की बचत होगी। अब प्रथम वर्ष का कुल शुल्क 4 हजार 755 रुपए होगा। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि यह निर्णय बेटियों को तकनीकी शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करेगा।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश में अगले तीन दिन हल्की बारिश का दौर रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार कहीं भी भारी बारिश का कोई अलर्ट नहीं है। मौजूदा सिस्टम कमजोर हो रहा है, जिससे 13 जुलाई तक प्रदेश में रिमझिम बारिश होगी। वहीं 14 जुलाई को कुछ जिलों में भारी बारिश का अनुमान है।

क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में पहला महिला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पहले दिन भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए। स्मृति मंधाना ने शानदार 83 रन की पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर और दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़े। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन ने तीन विकेट लिए। जवाब में इंग्लैंड ने पहले दिन के खेल तक एक विकेट पर 21 रन बना लिए हैं।

एशियन अंडर-23

प्रदेश के धावक विनोद सिंह ने चीन के ओरदोस में हुई एशियन अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता है। खेल मंत्री विश्वास सारंग ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है।

समाचार संक्षेप में.......

- राजगढ़ कलेक्टर डॉ ने 13 जुलाई को आयोजित होने वाली जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।
- बैतूल कलेक्टर ने कल उप तहसील बोरदेही में आयोजित खंड स्तरीय समीक्षा बैठक में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आम का पौधा रोपित किया।
- डिंडोरी जिले के 50 मत्स्य पालकों ने राष्ट्रीय मत्स्य किसान दिवस के अवसर पर कल कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम में सहभागिता की।
- मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत मंडला जिले के 196 वरिष्ठ नागरिक आज से 16 जुलाई तक कामाख्या शक्तिपीठ तीर्थ यात्रा पर जाएंगे।
- पन्ना जिले में बरसात के मौसम में विभिन्न स्थानों झरना एवं जल प्रपात पर अत्यधिक समीप जाने एवं सेल्फी व फोटो लेने पर प्रतिबंध लगाया है।
- झाबुआ जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कल कलेक्टर कार्यालय में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक की।
- आगरमालवा कलेक्टर ने कृषि, सहकारिता, पशुपालन, उद्यानिकी एवं जल संसाधन आदि विभागों की समीक्षा बैठक में किसानों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित किया।
- खण्डवा जिले में आज विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर आज से 18 जुलाई तक परिवार नियोजन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य को लेकर विशेष जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।

-------------